# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

## मध्यप्रदेश

पांचवी मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

मेल -nursing.dhs@mp.gov.in दूरभाष 0755-2527165

**आवश्यक/ तत्काल/कोर्ट केस**

क्रमांक :- 09/नर्सिंग/सेल-1/एस/एफ-57 /2020/ 898 भोपाल दिनॉक 5 /12/ 2020

//आदेश//

विभागीय सीधी भर्ती हेतु एम.पी.आनलाइन से चयन उपरांत संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के आदेश क्रमांक 1271 दिनॉक 17.10.2019 द्वारा श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), स्टाफ नर्स, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर की पदस्थापना नर्सिंग सिस्टर के पद पर सिविल अस्पताल, बडनगर जिला उज्जेन की गई थी । याचिकाकर्ता श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर ने अपने स्वास्थ्य एवं पारिवारिक परेशानियों के दृष्टिगत स्थानांतरण किये जाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में याचिका क्रमांक डब्लू.पी. 7943/2020 प्रस्तुत की जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनॉक 09.06.2020 को आदेश पारित किया गया जिसका आपरेटिंग पैरा इस प्रकार है :-

***However, petitioner is free to prefer a representation to the employer not to persuade her to move out of Gwalior, owing to the changed circumstance of petitioner undergoing an advanced stage of pregnancy followed by permissible limit of post natal care. If such a representation is made by the petitioner within a period of one week, the same shall be considered and decided in right perspective by the competent authority in accordance with law and by keeping the precarious condition of petitioner in mind and without being prejudiced by the fact of petitioner having approached this Court.***

Till representation is decided, the petitioner shall not be compelled to join at Ujjain. Accordingly, present petition stands disposed of.

न्यायालय के आदेश दिनॉक 09.06.2020 के परिपालन में श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर के द्वारा दिनॉक 01.09.2020, तथा 17.09.2020 एवं संलग्न अभ्यावेदन दिनॉक निल माननीय न्यायालय के निर्णय दिनॉक 09.06.2020 की सर्टीफाइड कापी के साथ प्रस्तुत कर लेख किया कि उनके पति निजी कम्पनी में लखनऊ में कार्यरत है, उनके परिवार के अतिरिक्त उनकी देखभाल करने वाला कोई नही है उन्हें विशेष केयर की जरूरत है इसलिये स्थानांतरण जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर करने का अनुरोध है ।

न्यायालय द्वारा दिनॉक 09.06.2020 को दिये गये आदेश Till representation is decided, the petitioner shall not be compelled to join at Ujjain. के पालन में याचिकाकर्ता श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर में ही पदस्थ है।

श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में उल्लेखित तथ्यों के दृष्टिगत श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे) को दिनॉक 30 सितम्बर 2020 को गुगल मीट पर अपर संचालक (नर्सिंग) के समक्ष व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया । सुनवाई के दौरान श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे) ने अपनी चिकित्सा संबंधी कठिनाईयों का हवाला देकर जिला चिकित्सालय मुरार में ही नर्सिंग सिस्टर के पद पर पदस्थ करने का अनुरोध किया है।

5/12/20

Cont.. 02

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर की सिविल अस्पताल, बडनगर जिला उज्जेन की गई पदस्थापना परिवर्तन संबंधी अभ्यावेदन दिनॉक 01.09.2020, तथा 17.09.2020 पर विचार कर अभ्यावेदन मान्य करते हुए संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के आदेश क्रमांक 1271 दिनॉक 17.10.2019 द्वारा श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर की सिविल अस्पताल, बडनगर जिला उज्जेन की गई पदस्थापना संशोधित की जाकर सिविल अस्पताल, जिला ग्वालियर में विभागीय मापदण्ड अनुरूप रिक्त नर्सिंग सिस्टर के पद पर की जाती है तथा प्रस्तुत अभ्यावेदन का विधिसम्मत निराकरण किया जाता है।

//अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं प.क. द्वारा अनुमोदित//

अपर संचालक (नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक 09/सेल-1/2020/ एफ-57/899 भोपाल, दिनॉक 5 /12 2020

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 निज सचिव, अपर मुख्य सचिव,मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल
2 निज सहायक, स्वास्थ्य आयुक्त, मध्यप्रदेश, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
3 माननीय अतिरिक्त महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय खण्ड पीठ ग्वालियर, मध्यप्रदेश
4 संचालक, लीगल, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश
5 क्षेत्रीय संचालक,लीगल, स्वास्थ्य सेवायें उज्जैन/ ग्वालियर संभाग, उज्जैन/ ग्वालियर, मध्यप्रदेश
6 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन/ ग्वालियर मध्यप्रदेश
7 सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश
8 जिला कोषालय अधिकारी, जिला उज्जैन/ ग्वालियर, मध्यप्रदेश
9 श्रीमती खुशबू तिवारी (पाण्डे), नर्सिंग सिस्टर, जिला चिकित्सालय मुरार जिला ग्वालियर म.प्र.की ओर पालनार्थ।
10 प्रभारी,एम.आई.एस संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, उक्त आदेश को विभागीय साइड पर अपलोड करें।
11 आदेश नस्ती ।

5/12/2020

अपर संचालक (नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश